V.V.I

① ⇒ बालिका शिक्षा के अवसरों की विवेचना करें या बालिका शिक्षा के लिए सरकार द्वारा किए गये विभिन्न प्रयासों की चर्चा करें

⇒ बालिकाओं की शिक्षा वर्तमान में आवश्यक है शिक्षा के द्वारा बालक तथा बालिकाओं दोनों ही अपनी व्यक्तित्व उन्नती करते हैं बालिकाओं की सामाजिक स्थिती बालकों की अपेक्षा उपेक्षित रही है अतः वर्तमान में बालिका शिक्षा की आवश्यकता और भी अत्यधिक है क्योंकी समाज में बालिकाओं के प्रति जो कुरीतियाँ कुप्रथाएँ है इसकी समाप्ती शिक्षा के द्वारा ही हो सकती है लैंगिक भेद-भाव को दूर करने के लिए बालिकाओं की शिक्षा की प्रासंगिकता अत्यधिक है क्योंकी शिक्षा के द्वारा ही इन भेद-भाव को समाप्त कर समाज में समानता लायी जा सकती है प्रजातांत्रिक प्रणाली में वर्ग के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त है क्योंकी यहाँ पर शासन जनता में निहित होती है शैक्षिक शिक्षा का प्रसार व्यापक रूप से होने से लैंगिक भेदभाव, गरीबी - अमीरी आदि समस्याओं का समाधान हो सकती है

अतः इसके लिए बालिका विद्यालयीकरण अति आवश्यक है अर्थात बालिकाओं का स्कूल में नामांकन तथा उपस्थिति में निरंतरता बनाएँ रखना। जैसा की देखा गया है बालिका विद्यालयीकरण का प्रभाव शिक्षा से जुड़ा है जिसका शिक्षा प्रभाव समाज पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पड़ता है

Scanned with CamScanner

सरकार द्वारा किए गये निर्णय प्रयास तथा बालिकाओ के लिए गए अवसर निम्नलिखित है-

(1) साईकिल राशि योजना
(2) भाग्य श्री योजना
(3) पोशाक राशि योजना
(4) ~~[illegible]~~ / प्रोत्साहन राशि योजना
(5) सुकन्या समृद्धि योजना
(6) लाडली लक्ष्मी योजना
(7) धन लक्ष्मी योजना
(8) मुख्यमंत्री सुलक्ष्मी योजना
(9) लाडली बेटी योजना
(10) कन्या विवाह योजना
(11) बेटी है अनमोल योजना

(1) साईकिल राशि योजना :-

बालिका विद्यालयों का अवसर देखकर सरकार ने साईकिल राशि योजना चलाई। क्योंकी स्कूल दूर होने के कारण बालिकाएँ शिक्षा में वंचित रह जाती है इसीलिए गाँवों से कुछ ही दूरी या दूरी पर नये-२ बालिका विद्यालयों की स्थापना की गई।

(2) भाग्य श्री योजना :-

महाराष्ट्र सरकार के अनुसार बच्चीयों के लिए 8 मार्च 2015 को यह योजना शुरू की गई। यह योजना गरीबी रेखा नीचे

आने वाले परिवारों के लिए है जिसमे सरकार की तरफ से 21200 रुपये जमा किये जाते है बच्ची के 18 वर्ष होने पर उसे पढ़ाई खर्चे के रूप मे 1 लाख रुपये प्रदान किये जाते है

③ पोशाक राशि योजना :-

सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए पोशाक राशि योजना भी बनाई गयी। क्योंकि बालिकाएँ स्कूल ड्रेस के अभाव मे विद्यालय नहीं जाती थी इसलिए गरीबी रेखा के अंदर आने वाले परिवारों के लिए हमारी सरकार ने पोशाक राशि योजना के साथ-साथ मुफ्त किताबे भी दी जाती है।

④ ~~पुरस्कार~~ / प्रोत्साहन राशि :-

सरकार सभी छात्रों के लिए पुरस्कार राशि देने का भी प्रबंध किया है जो भी छात्र अच्छे अंकों या फिर 1st class से उत्तीर्ण होता है सरकार उसे पुरस्कार के रूप मे 10000 तथा 25000 रुपया प्रदान करती है जिससे बालक या बालिकाओं को आगे पढ़ने मे सुविधा होगी

⑤ सुकन्या समृद्धि योजना :-

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु की गई है इस योजना के अंतर्गत स्कूलों मे पढ़नेवाली 10वर्ष तक के छात्रों के खाते खुलवाये जाते है 14वर्ष के होने पर 1000 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक जमा किये जाते है खाता खुलने

के बाद लाभार्थी को एक बैंक पासबुक मिलती है 5 वर्ष तक पैसा रुपये जमा करना होगा। जो बच्ची के 21 साल के होने पर मैच्योर होगा जिससे उसके माता-पिता पढ़ाई-लिखाई तथा शादी-विवाह में खर्च कर सकें।

10/15

(6) लाडली लक्ष्मी योजना :-

इस योजना को 1 June 2015 से ई-लाडली लक्ष्मी योजना को शामिल कि गई है रजिस्ट्रेशन करवाने पर 1 लाख रुपये का प्रमाण पत्र online generate होता है इसे Digital Singnature के साथ जारि किया जाता है बच्ची के education के लिए समय-2 पर E-Payment भुगतान किया जाता है 6वीं कक्षा में आने पर 2000₹ 9वीं कक्षा में 4000₹ एवं 11वीं कक्षा में 7500₹ दिए जाएंगे 12वीं के दौरान और 21वी साल का होने तक 200₹ महीने भुगतान होगा लेकिन 18वीं साल तक बच्ची का विवाह नहीं होना चाहिए।

(7) धन लक्ष्मी योजना :-

कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लड़कियों को शिक्षित करने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से धन लक्ष्मी योजना 2008 में लॉन्च की गई है इस योजना में बच्ची का जन्म पंजीकरण, टीकाकरण, शिक्षा और 18 साल होने के बाद विवाह होने पर 1 लाख रु. का बीमा दिया जाता है

## (8) मुख्यमंत्री शुभ लक्ष्मी योजना :-

लड़कियों के जन्म को बढ़ावा देने और मृत्यु दर को कम करने के लिए राजस्थान सरकार ने यह योजना शुरू की है इसके अंतर्गत 1 अप्रैल या इसके बाद राजकीय एवं अधिकृत चिकित्सा संस्थाओं में संस्थागत प्रसव करवाना होगा। बेटी के जन्म होने पर 2100 रु का चेक दिया जाएगा। बच्ची को जरूरी टीके लगवाने और उसके 1 वर्ष होने पर उसे 2100 का एक और चेक दिया जाएगा वही 5 साल के होने पर बच्ची के माँ को 3100 का चेक दिया जाएगा जो की शिक्षा के लिए उत्तम होगा।

## (9) लाडली बेटी योजना :-

यह योजना April 2015 में जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा लॉन्च की गई है इसके तहत राज्य सरकार बेटी के जन्म होने पर 14 वर्षों तक उसके खाते में 1000 रु प्रति माह जमा करवायेगी। शर्त है शादी होने के बाद उसे 6.5 लाख दी जाएगी यह फायदा उन्हीं लोगों को मिलेगी जिनकी वार्षिक आय 75000 रु से कम हो इस तरह बच्ची के जन्म पर उसके माँ को 7003 रु दिये जाएंगे

(10) कन्या विवाह योजना :-

यह योजना लगभग सभी राज्यों में, लेकिन हर राज्य में इसके तहत दिये जाने वाली राशि अलग-अलग है इलाहाबाद में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लड़के-लड़कियों के शादि के लिए 15000 दिये जाते है इसके अलावा 1000 रु का चेक, प्रमाण पत्र, गृहस्थी का जरूरी सभी सामान भी दिया जाएगा। इतना ही नहीं विधवा एवं Divorcey (परित्यक्ता) को 30000 रु दिये जाते है।

(11) बेटी है अनमोल :-

यह योजना हिमाचल सरकार की ओर से शुरू की गई है जो की ख्यात है इसके अंतर्गत सरकार गरीबी रेखा के नीचे आने वाले परिवार मे बेटी के जन्म पर 10000 रु Bank A/c में जमा करवाती है 12वीं कक्षा के education के लिए इन बेटियों को 300 से 1200 की scholarship दी जाती है

(12) सुखा योजना :-

आंध्र प्रदेश मे चल रही यह योजना लड़कियों के विकास के लिए शुरू की गई है इस योजना मे अलग-2 नियम शर्तों को पूरा करने पर 30000 से 1 लाख रु तक की एक मुश्त राशि दी जाती है यह योजना अनाथ और आश्रम बच्चियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

Scanned with CamScanner

(13) मुफ्त शिक्षा योजना :→

अभी हमारी सरकार ने इन सभी योजनाओं के अलावा एक विशेष अभियान चलाया है जिसके अंतर्गत बच्चों को 8 तक की पढ़ाई के लिए किसी तरह की कोई शुल्क नहीं जमा-करने का प्रावधान बनाया गया है